आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 11.05.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में रक्षा और विदेश मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक कीं

- प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में हालात धीरे–धीरे सामान्य–बाजार खुले–रेल सेवाएं बहाल हो रही है ं
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस परीक्षण सुविधा का उद्घाटन कियां

- आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर राष्ट्र वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीशियनों के योगदान को याद कर रहा हैं
- प्रदेश में कई स्थानों पर आंधी बारिश का दौर जारी–कुछ स्थानों पर ओले गिरने के समाचारं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक कीं बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह मौजूद थें यह बैठक कल दोनों देशों के सैन्य अभियान महानिदेशकों के एक–दूसरे से बात करने के बाद संघर्ष विराम के मद्देनजर हुई दोनों देशों के यह अधिकारी कल फिर बात करने वाले हैं

भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे तनाव के बाद प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में हालात धीरे–धीरे सामान्य हो रहे हैं बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, फलोदी, और हनुमानगढ़ सहित कई शहरों में आज बाजार खुलें वहीं बाडमेर जिले के सेडवा उपखण्ड में एहतियात के तौर पर आज शाम 5 बजे से बाजार बंद रखने और शाम 7 बजे से ब्लैक आउट के आदेश जारी किये गये हैं वहीं जोधपुर में आज जिला प्रशासन ने ब्लैक आउट नहीं रखने का निर्णय किया है लेकिन लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई हैं

....................................

इस बीच रेलवे ने भी रद्द की गईं 16 रेलगाड़ियों को फिर से चलाने का आदेश जारी किया है, जबकि 11 ट्रेनों को आंशिक रूप से बहाल किया गया हैं भारतीय सशस्त्र बल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क हैं आम नागरिकों से भी सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की गई हैं

000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर महज़ सैन्य कार्रवाई नहीं है, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छा शक्ति का प्रतीक हैं आज लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटिग्रेशन एण्ड टेस्टिंग फेसिलिटी का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि इस ऑपरेशन से आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ इच्छा शक्ति और सैन्य शक्ति का पता चलता हैं रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई हैं श्री सिंह ने कहा कि ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटिग्रेशन एण्ड टेसटिंग फेसिलिटी से देश की मारक शक्ति बढ़ेगीं उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय टेक्नॉलाजी दिवस पर इस सुविधा का शुरू होना विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं उन्होंने वैज्ञानिकों को इसके लिए बधाई दीं

000

आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस हैं वर्ष 1998 में आज ही के दिन भारत ने जैसलमेर के पोखरण में परमाणु बम का सफल परीक्षण किया थां यह दिन देश की प्रगति और विकास में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता हैं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और मिसाइल मैन डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के

कुशल नेतृत्व में पोखरण में ये परमाणु परीक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ थां इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्रों की श्रेणी में प्रतिष्ठित किया और देश की रक्षा क्षमताओं को अभूतपूर्व मजबूती प्रदान कीं इस अवसर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने आज नई दिल्ली में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लियां उन्होंने एक रक्तदान शिविर का भी उद्घाटन कियां इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पोखरण परीक्षण की सफलता की याद दिलाता हैं पिछले एक दशक में विज्ञान नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बहुत विकास हुआ हैं सरकार विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित शोधों को बढ़ावा दे रही हैं

000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सेना के अद्भुत शौर्य और पराक्रम से विश्व पटल पर भारत की सैन्य क्षमता की एक नई पहचान बनी हैं जोधपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री शेखावत ने कहा कि भारत के आतंकवाद को समाप्त करने के कमिटमेंट में एक प्रतिशत का समझौता किए बिना भारत की सेना ने पाकिस्तान के हर नापाक इरादे को ध्वस्त कियां

..................

श्री शेखावत ने आज आपातकालीन स्थिति में चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत करने को लेकर जोधपुर में कलेक्ट्रेट परिसर में शहर के मुख्य चिकित्सालयों के प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक कीं इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने सभी प्रकार की आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रखने के जरूरी दिशा निर्देश दिएं

000

उधमपुर में वीरगति को प्राप्त हुए झुंझुनूं के मेहरादासी गांव निवासी वायुसेना में असिस्टेंट मेडिकल सार्जेंट सुरेंद्र कुमार की आज उनके पैतृक गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टी की गईं इससे पहले उनके सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गईं इस मौके पर हजारों लोगों मौजूद थें उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ तथा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी अंतिम संस्कार में शामिल हुएं श्री राज्यवर्द्धन राठौड ने मीडिया से बातचीत में कहा कि शहीदों के परिवारों को भी सलाम करना चाहिए क्योंकि उनके साथ परिवार भी बलिदान देता हैं

............................

इस दौरान उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा और अन्य मंत्रियों ने राज्य सरकार की ओर से पांच लाख रूपये की सहायता राशि का चैक शहीद वीरांगना को सौंपां

000

प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से विभिन्न स्थानों पर आंधी–बारिश का दौर जारी हैं अधिकतर जगहों पर दिन का तापमान 36 डिग्री के आस–पास बना हुआ हैं मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 40 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान बाड़मेर में दर्ज किया गयां हनुमानगढ़ और बाडमेर जिलो में कुछ स्थानों पर आज आंधी के साथ हल्की बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से थोडी राहत मिलीं वहीं श्रीगंगानगर जिले में दोपहर बाद कई स्थानों पर तेज बारिश के साथ ओले गिरें

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कुछ हिस्सों में अगले दो–तीन दिन दोपहर बाद कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना हैं वहीं राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में 13 मई और पूर्वी राजस्थान में 14 मई से अधिकांश स्थानों पर आंधी–बारिश की गतिविधियों में कमी आने की संभावना हैं

000